E-Mail

राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन(ग्रुप–5)विभाग

क्रमांकः प.1(16)साप्र/ग्रुप–5/2009 पार्ट   जयपुर, दिनांकः 15-05-2015

आदेश

इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 23.9.2014 के निरन्तरता में वर्ष 2015–16 के लिए जोधपुर हाउस, नई दिल्ली को छोडकर राज्य के सभी विश्राम भवनों/ट्रांजिट हॉस्टल(राजस्थान हाउस, नई दिल्ली एवं राजस्थान भवन, वाशी, मुम्बई को शामिल करते हुए) में आवश्यकतानुसार सफाई एवं बागवानी कार्य राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 मे दिये गये प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करते हुए निविदायें न्यूनतम उपस्थित रहने वाले व्यक्तियों की संख्या के आधार पर किये जाने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है ।

सुरक्षा कर्मचारियों के लिए राजस्थान में Rexco से तथा वाशी,नवी मुम्बई एवं दिल्ली के लिए संबंधित राज्यों की समकक्ष संस्थाओं के माध्यम से सेवायें प्राप्त की जा सकेगी ।

यह स्वीकृति वित्त (व्यय–2)विभाग की आई.डी. क्रमांक 101501567 दिनांक 23.4.2015 में दी गई सहमति के अनुसरण में प्रदान की जाती है ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

ह०
(महेन्द्र कुमार खीचीं)
शासन उप सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निवासीय आयुक्त, बीकानेर हाउस, नई दिल्ली ।
2. समस्त जिला कलक्टर ।
3. अतिरिक्त निवासीय आयुक्त, राजस्थान भवन, वाशी, नवी मुम्बई ।
4. संयुक्त शासन सचिव,वित्त(व्यय–2) विभाग ।
5. समस्त कोषाधिकारी, राजस्थान ।
6. पे एण्ड अकाउण्ट्स ऑफिसर, बीकानेर हाउस, नई दिल्ली ।
7. समस्त प्रबन्धक, विश्राम भवन, राजस्थान/ट्रांजिट हॉस्टल,जयपुर/राजस्थान हाउस, नई दिल्ली, राजस्थान भवन, मुम्बई ।
8. मुख्य लेखाधिकारी,सामान्य प्रशासन(ग्रुप–4)विभाग ।
9. रक्षित पत्रावली ।

शासन उप सचिव

ROOM NO. 1124, MAIN BUILDING, GOVT. SECRETARIAT, JAIPUR-302005
DEPUTY SECRETARY TEL NO (O) : 0141-2227874(M) 9414177555
SECTION OFFICER (M) :9460408044 (F) 0141-5116626/2227958
WEBSITE – www.gad.rajasthan.gov.in email – arvind.kc@rajasthan.gov.in